# दिल्ली की वर्तमान राजनीति: आम आदमी पार्टी की समीक्षात्मक अध्ययन

Author name- Amarendra chaudhary
Designation- Research scholar
Department of Political science
DDU Gorakhpur University, Gorakhpur Uttar Pradesh (India)

दिल्ली एक केंद्र शासित राज्य है, जिसकी जनसंख्या 2.3 करोड़ है। दिल्ली में वोटरों की संख्या 1 करोड़ 46 लाख 92 हजार के लगभग है। जिसमे पुरुषों की संख्या 80 लाख 55 हजार तथा महिलाओं की संख्या 66 लाख 25 हजार के लगभग है। दिल्ली में 81.68 प्रतिशत हिन्दू है, 12.86 प्रतिशत मुस्लिम है, 3.40 प्रतिशत सिक्ख, 0.99 प्रतिशत जैन, 0.86 प्रतिशत इसाई तथा 0.11 प्रतिशत बौद्ध रहते है। इसी प्रकार सामाजिक आधार पर 35 प्रतिशत पंजाबी, 24 प्रतिशत पूर्वांचली, 8 प्रतिशत जाट, 8 प्रतिशत गुर्जर तथा 8 प्रतिशत वैश्य रहते है।

**राजनीतिक परिदृश्य:-**
दिल्ली का पिछला विधान सभा चुनाव फरवरी 2015 में हुआ था, चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी ने बहुमत की सरकार बनाई जिसमे अरविंद केजरवाल मुख्यमंत्री बने। अगला चुनाव 8 फरवरी 2020 को संपन्न हुआ। 70 सीटों पर हुए चुनाव का परिणाम 11 फरवरी को आया।[1] दिल्ली में बड़ी तथा मजबूत पार्टियां अपनी अपनी घोषणा पत्र लेकर उतरी जिसमे आम आदमी पार्टी ने 4 फरवरी 2020 को 28 प्रमुख बिंदुओं के साथ अपना घोषणा पत्र जारी किया[2] जिसमे दिल्ली जनलोकपाल बिल, दिल्ली स्वराज बिल, राशन की डोर स्टेप डिलीवरी तथा अन्य प्रमुख बिंदु रहा।[3]

भारतीय जनता पार्टी ने 31 जनवरी 2020 को अपना घोषणा पत्र जारी किया, जो 18 प्रमुख बिंदुओं के साथ जिसमे भ्रष्टाचार मुक्त शासन तथा अन्य बिंदु रहा।[4]

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2 फरवरी 2020 को अपना घोषणा पत्र 9 बिंदुओं के साथ जारी किया। जिसमे लोकपाल तथा भागीदारी बिंदु रहा।

परिणाम स्वरूप आम आदमी पार्टी 62 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत सरकार का निर्माण किया। तथा भाजपा 08 सीटों पर सिमट गई तथा कांग्रेस एक भी सीट प्राप्त नहीं कर पाई।

दिल्ली में सन 2015 के बाद अरविंद केजरीवाल के व्यक्तित्व की झलक दिखाई देती रही, इनका जन्म 16 अगस्त 1967 में हुआ। ये आईआईटी खड़गपुर से बीटेक की उपाधि प्राप्त किए है। सन् 2012 में इन्होंने आम आदमी पार्टी का गठन किया व राजनीति में उतर गए। 2 बार हुई सफलता का श्रेय इनके व्यक्तित्व एवं लगन तथा आम आदमी पार्टी के संविधान को जाता है, जिसके उद्देश्यों की पूर्ति कर दिल्ली में सशक्त लोकतांत्रिक कल्याणकारी विकास किया।
वर्तमान दिल्ली में अरविंद केजरवाल ने बिजली आपूर्ति, सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, यातायात की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के साथ साथ अनेक कल्याणकारी कार्य किए। तथा समाजवादी व्यवस्था भी सुदृढ़ किया।

**आम आदमी पार्टी:-**
2012 में गठित आम आदमी पार्टी का अपना एक संविधान है, जिसमे 12 अनुच्छेद है, यहां हम 12 अनुच्छेदों का संक्षिप्त वर्णन करेंगे।

**अनुच्छेद 1-** पार्टी का नाम

**अनुच्छेद 2-** पार्टी के उद्देश्य जैसे भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पालन करते हुए आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार से मुक्त एक ऐसे भारत की कल्पना करती है जो संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य है।

**अनुच्छेद 3-** पार्टी के सदस्यता जिसमे सदस्यता के लिए पात्रता, सदस्यता की श्रेणी, सदस्यता की प्रक्रिया, सदस्यता की अवधि, सदस्यता की समाप्ति तथा निलंबन का वर्णन है।

**अनुच्छेद 4-** संगठनात्मक ढांचा
1- पार्टी के अंग
   (1) प्राथमिक स्तर
   (2) ब्लाक स्तर
   (3) जिला स्तर
   (4) राज्य स्तर
   (5) राष्ट्रीय स्तर
2- राष्ट्रीय परिषद के कार्य एवं शक्तियां
3- राष्ट्रीय कार्यकारी शक्तियां
4- राष्ट्रीय राजनीतिक मामलों की समिति

**अनुच्छेद 4(क)-** दूसरा ढांचा

1- वार्ड स्तर
2- विधान सभा स्तर
3- संसदीय स्तर

**अनुच्छेद 5-** पार्टी के पदाधिकारी- विभिन्न स्तरों पर पार्टी के पदाधिकारी होते हैं-

1- प्राथमिक स्तर- संयोजक और संयुक्त संयोजक
2- ब्लाक स्तर- संयोजक और संयुक्त संयोजक
3- जिला स्तर- जिला संयोजक, जिला कोषाध्यक्ष, जिला सचिव
4- राज्य स्तर- राज्य संयोजक, राज्य कोषाध्यक्ष, राज्य सचिव
5- राष्ट्रीय स्तर- राष्ट्रीय संयोजक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव

**अनुच्छेद 6-** आचार संहिता, अनुशासन और विवाद समाधान

1- आचार संहिता
2- अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्राधिकार
3- दंड
4- पार्टी लोकपाल, लोकायुक्त की रचना नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति और अवधि।

**अनुच्छेद 7-** कारोबार के संचालन के लिए नियम

1- बैठक
2- कोरम
3- अधिसूचना
4- निर्णय लेना
5- मिनट्स (लिखित ब्यौरा)

**अनुच्छेद 8-** पार्टी निधियां और खाते

1- निधियों का एकीकरण
2- दान और सदस्यता रसीदे
3- बैंक खाता
4- निधियों का उपयोग

**अनुच्छेद 9-** संविधान का संशोधन

**अनुच्छेद 10-** विलय, विभाजन और विघटन

**अनुच्छेद 11-** संविधान की व्याख्याएं

**अनुच्छेद 12-** विविध प्रावधान[5]

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते है कि लोकतंत्र का स्पष्ट स्वरूप वर्तमान में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के द्वारा दिखाई दे रहा है। आम आदमी पार्टी भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुरूप दृष्ट संकल्पित है। भारतीय संविधान के प्रस्तावना के सभी उद्देश्य इस पार्टी के उद्देश्य में समाहित कर दिए गए हैं। जिसके अनुरूप यह पार्टी कार्यरत है। तथा परिणाम स्वरूप दो बार पूर्ण महुमत सरकार का निर्माण कर सकी तथा भविष्य में यह लोक सभा चुनाव में अपनी भूमिका बना सकती है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ-**

1- दिल्ली विधान सभा चुनाव 2020
2- टाइम्स आफ इंडिया जनवरी 2020
3- आम आदमी पार्टी घोषणा पत्र जनलोकपाल 5 फरवरी 2020
4- भाजपा घोषणा पत्र
5- आम आदमी पार्टी का संविधान